पत्र संख्या- 738 / अ0 नि0 (प्र0) / जी0 एस0 टी0 प्रशिक्षण -2017-2018 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

अपर निदेशक (प्रशिक्षण), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त ज़ोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

दिनांक :: लखनऊ :: अगस्त 11 , 2017

महोदय,

जैसाकि आप सभी को विदित है कि वर्तमान में प्रशिक्षण संस्थान में जी0 एस0 टी0 विषय पर आधारित दो-दो दिन के पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। किन्तु ऐसा देखा जा रहा है कि इन पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मुख्यालय द्वारा निर्धारित / नामित बैचों मे से कुछ अधिकारी प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जो इन अधिकारियों की अनुशासनहीनता व लापरवाही का परिचायक है तथा इन अधिकारियों का कृत्य यह भी प्रमाणित करता है कि यह अधिकारी अत्यन्त महत्वपूर्ण जी0 एस0 टी0 से सम्बन्धित ज्ञान नहीं अर्जित करना चाहते हैं एवं न ही इसे भली भाँति अपने क्षेत्र में लागू होने देना चाहते हैं।

अतः आप अपने स्तर से पुनश्चर्या प्रशिक्षण में नामित सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित कर दें अन्यथा की स्थिति में इन अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करायी जायेगी।

भवदीय,

11.8.17

(राजेश कुमार कुरील)
अपर निदेशक (प्रशिक्षण), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।